Title: Need to formulate policies for the welfare of farmers in the country -laid.

डॉ. प्रभा ठाकुर (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, भारत एक कृषि प्रधान देश है, किंतु दुर्भाग्य से देश का यह विराट कृषक वर्ग अनेक कष्टों के साथ कड़े परिश्रम के बावजूद अनिश्चित भविष्य और अभावों से जूझ रहा है। देश के इस 'अन्नदाता' को इन कष्टों से उबारने के लिए, सरकार को शीध्र ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है जिससे किसानों को फसल का भरपूर उचित मूल्य समय पर मिले, कृषि का बीमा कराया जा सके तथा प्राकृतिक आपदाओं से फसल की हानि होने पर किसान को पूरा वाजिव मुआवजा मिले तथा कृषकों की भूमि किसी कारण सरकार द्वारा अधिगृहण किए जाने की जरूरत होने पर किसान को उसका पूरा मुआवजा मिले, किसान को अच्छा बीज व खाद साधारण दामों पर उपलब्ध कराजा जाना चाहिए तथा किसान को न्यूनतम दर पर कृषि के लिए बिजली उपलब्ध करानी चाहिए, तभी कृषक वर्ग देश में खुशहाल हो सकेगा।